तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026

12 संस्कृति, स्वावलंबन और स्थानीय उत्पादों को ...



13 क्षेत्र के गली-मोहल्ले की स्थिति बदहाल





## एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों की धड़ल्ले से बिक्री, फूड सेफ्टी विभाग पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों की धड़ल्ले से बिक्री का मामला सामने आ रहा है। यह स्थिति आम जनता के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ साबित हो रही है, वहीं इस पूरे मामले में फूड सेफ्टी विभाग की चुप्पी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई दुकानों और मार्ट में सेल के नाम पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री आधे दाम में बेची जा रही है, जिससे अनजान उपभोक्ता कम कीमत के लालच में इन वस्तुओं को खरीद रहे हैं और उनकी एक्सपायरी डेट पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इस संबंध में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने प्रेस को जारी बयान में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में लंबे समय से कुछ किराना थोक व्यापारियों द्वारा एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री खुलेआम बेची जा रही है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। चौहान ने बताया कि हाल ही में जिला मुख्यालय और मुख्य मार्ग पर स्थित एक मार्ट में एक्सपायरी खाद्य पदार्थों को सेल ऑफर के नाम पर आधे दाम में बेचते हुए पाया गया। उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इस मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को सूचना दी और संबंधित मार्ट पर दबिश देकर खाद्य सामग्री की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### सेल के नाम पर आधे दाम में बेचे जा रहे एक्सपायरी सामान




### प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग

शिवसेना नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में खुले कई बड़े सुपर बाजार और दुकानों में भी एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है। ऐसे में प्रशासन को पूरे जिले में संचालित बड़े मार्ट और दुकानों की जांच करनी चाहिए ताकि इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन और फूड सेफ्टी विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो शिवसेना कार्यकर्ता स्वयं अपने स्तर पर दुकानों की जांच कर मामले को उजागर करेंगे। इस मामले के सामने आने के बाद आम लोगों में भी चिंता का माहौल है और वे प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### पतोरा में सादगी व सौहार्द्र के साथ मनी होली

**थानखम्हरिया।** रंगों का पावन पर्व होली ग्राम पतोरा में इस वर्ष सादगी, उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। ग्रामवासियों ने भाईचारे और सामाजिक एकता का परिचय देते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा मिठाई खिलाकर खुशियाँ साझा कीं। होली के अवसर पर गांव में पारंपरिक नगाड़े की थाप गूंजती रही, जिस पर युवा और बुजुर्ग पारंपरिक लोकगीतों पर झूमते-थिरकते नजर आए। पूरे गांव में उत्सव का माहौल रहा और लोगों ने आपसी प्रेम व सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिवाकर साहू, उपसरपंच हेमराज साहू, मेहतरु साहू, साहू समाज स.तह.थान खमरिया यु. उपाध्यक्ष संतराम साहू, साहू समाजके संरक्षक द्वारिका साहू, ग्रामीण साहू समाज के सचिव विनोद साहू, पूर्व पंच श्यामलाल साहू, मोहित साहू, पेखन साहू, पोखन पटेल, हरीश विश्वकर्मा, अनीश विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, रामावतार साहू, ईश्वर साहू, यशवंत पटेल, कंशराम साहू, धुर्वा दास मानिकपुरी (कोटवार) सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह आज

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बेमेतरा में आज रविवार को दोपहर 3 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अजय साहू के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष अजय साहू ने जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर होली मिलन समारोह को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, दीपेश साहू, ईश्वर साहू, रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत सभापति अंजु बघेल सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### निगम का भृत्य निलंबित

**भिलाई।** भिलाई निगम जोन क्रमांक 3 के भृत्य मलकीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मलकीत बिना किसी पूर्व अनुमति/सूचना के लगातार अवकाश ले रहे थे। उसने नशे में धुत होकर अपने सहकर्मी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौच भी की थी। जिसकी विभाग द्वारा सूचना थाने में भी की गई । उसके इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) (3) के विरूद्ध का आचरण माना गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### युवक का मिला शव

**भिलाई।** युवक की लाश फ्लाओई ओवर ब्रिज मुर्गा चौक के पास मिवने सनसनी फैल गई। सड़क से गुजने वाले लोगों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। मिली जानकारी के मुताबिक युवक की 20 से 22 वर्ष की होगी। उसके पास किसी भी प्रकार का पहचान पत्र तलाशी में नहीं मिला है। मौके पर एफएसएनएल की टीम भी पहुंची थी, साक्ष्य जुटाए जा रहे है। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि युवक की मौत फ्लाइओवर से गिरने से हुई होगी। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट हो पाएगा। प्रथम दृष्टया फ्लाइओवर से गिरने का प्रतीत हो रहा है। मौत का असली कारण पीएम के बाद मिलने पर ही पता चल पाएगा। घटना भठ्ठी थाना क्षेत्र का है।

### समस्या : भ्रष्टाचार और लापरवाही के लगे आरोप

## 4-5 साल बाद भी अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन योजना, गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना, जिसका उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, बेमेतरा जिले के ग्राम जेवरा में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के कारण अधर में लटक गई है। योजना स्वीकृत हुए लगभग 4 से 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक पूर्ण नहीं हो पाई है। अधूरे निर्माण और अनियमितताओं के कारण ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे गांव में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है।

■ ग्रामीणों ने प्रशासन से की तत्काल जांच और काम पूरा कराने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि योजना की शुरुआत के समय से ही कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गईं। कई बार कार्य एजेंसी और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मौके की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप योजना अधूरी ही रह गई और अब पूरी तरह ठप पड़ी है। ग्रामीणों के अनुसार योजना के तहत बनाए गए ओवरहेड टैंक को गांव की बस्ती से काफी दूर बनाया गया है, जहां लगाए गए बोर पंप में पर्याप्त जलस्त्रोत ही उपलब्ध नहीं है। इसके ▶▶|शेष पेज 12 पर



### मामले की हो निष्पक्ष जांच




इस संबंध में भाजपा नेता प्रबल सिंह, सरपंच महेंद्र पाटिल और ग्रामीणों ने प्रशासन एवं वर्तमान शासन से पुरजोर मांग की है कि मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और गुणवत्तापूर्ण तरीके से योजना का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि योजना को जल्द पूरा कर दिया जाए तो गांव में गहराते पेयजल संकट का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा और प्रधानमंत्री की इस जनहितकारी योजना का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों तक पहुंच सकेगा।

### लंबे समय से काम पड़ा है आधा-अधूराः सरपंच

वहीं ग्राम पंचायत जेवरा के सरपंच महेंद्र पाटिल ने बताया कि योजना का कार्य लंबे समय से आधा-अधूरा पड़ा हुआ है और काफी समय से काम पूरी तरह बंद है। इसकी जानकारी पीएचई विभाग के विकासखंड और जिला कार्यालय के साथ-साथ कलेक्टर को भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इसके कारण ग्रामवासी योजना के लाभ से वंचित हैं। ग्राम की पूर्व सरपंच कचराबाई ने भी गांव में पानी की गंभीर समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि योजना को जल्द से जल्द चालू कराया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## प्लान बनाकर युवकों पर जानलेवा हमला, 4 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के थाना नांदघाट अंतर्गत पुलिस चौकी मारो क्षेत्र में युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक राय होकर धारदार हथियार से हमला कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंदन सिंह जांगड़े (48) निवासी मनोधरपुर ने पुलिस चौकी मारो में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 मार्च को गांव के ही तेजप्रकाश उर्फ राज महिलांगे, खुमेन्द्र महिलांगे उर्फ कृष्णा महिलांगे, डाजील महिलांगे तथा जगदीश उर्फ जग्गी महिलांगे ने एक राय होकर उसके पुत्र साहिल जांगड़े और अजय भारती पर हत्या की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों के गर्दन, हाथ और पेट पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई।

मामले की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मारो, थाना नांदघाट में आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी प्रभारी मारो उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे को चौकी स्टाफ के साथ आरोपियों की तलाश एवं जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद ▶▶|शेष पेज 12 पर

## जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष ने आमजनों व कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास से मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



होली का पावन पर्व जिले भर में हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने कार्यालय में शहर के नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ होली का त्योहार बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक के कार्यालय परिसर में फाग गीतों की मधुर प्रस्तुति के लिए ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक फाग गीत गाए गए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और रंग-गुलाल के बीच पूरा माहौल होली के रंग में सराबोर हो गया। कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत किया तथा सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे आम नागरिकों और समर्थकों ने भी उन्हें गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि होली का त्योहार हमारे जीवन में रंग, उमंग और खुशियों का प्रतीक है। यह पर्व समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देता है। होली ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तहसील साहू संघ साजा में अधिवक्ता जितेन्द्र को विधि प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



बेमेतरा साहू संघ जिला अध्यक्ष नारद साहू के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ साजा के अध्यक्ष गौकरण साहू द्वारा समाज के अधिवक्ता जितेन्द्र साहू को तहसील साहू संघ साजा के विधि प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

अधिवक्ता जितेन्द्र साहू ने इस जिम्मेदारी के लिए तहसील साहू संघ साजा के सभी वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराना तथा जरूरतमंदों को उचित कानूनी मार्गदर्शन देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति कानूनी जानकारी के अभाव में परेशान न हो, इसके लिए वे हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। साथ ही समाज द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

### पानी संकट और मौसमी बीमारियों की आशंका, ठंडे पेय की बढ़ी मांग

## 36 डिग्री तक पहुंचा पारा, दिन में तेज धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मार्च में ही तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अंचल का अधिकतम तापमान बढ़कर करीब 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे दिन के साथ-साथ रात में भी लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है।

■ मार्च की पहली गर्मी ने बढ़ाई परेशानियां

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी दिशा से चल रही शुष्क हवाओं के कारण आने वाले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

लगातार बढ़ते तापमान से यह साफ संकेत मिलने लगे हैं कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में झुलसा देने वाली गर्मी पड़ सकती है।



तेज धूप और बढ़ती गर्मी का असर अब आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं और लोग घर से निकलते समय चेहरे को कपड़े से ढककर निकल रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिए लोग अपने साथ पानी की बोतल भी लेकर चल रहे हैं ताकि प्यास और डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। बढ़ते तापमान के कारण लोगों की दिनचर्या पर भी असर पड़ रहा है। स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, वहीं शासकीय कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारी भी गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। कई स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में पंखों के अलावा गर्मी से राहत पाने के लिए अन्य कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में पंखे चलने के बावजूद गर्म हवा के थपेड़े ही महसूस हो रहे हैं।

**मौसमी बीमारियों का भी बढ़ा खतरा-** तापमान में अचानक आई बढ़ोतरी के चलते मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि तेज गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, बुखार, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

**पानी संकट की आशंका-** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी संकट ▶▶|शेष पेज 12 पर

## प्रणीश चौबे बने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष, संगठन में बढ़ा कद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे को जिला कांग्रेस कमेटी में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने प्रदेश संगठन की सहमति से शनिवार को नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रणीश चौबे को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि प्रणीश चौबे लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वर्ष 2012 में बेमेतरा जिला गठन के बाद से ही वे जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, समर्पण और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव के कारण उन्हें लगातार संगठन में अहम दायित्व मिलते रहे हैं। राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय पहचान रही है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही वे कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करते रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर ▶▶|शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस में 6 जिला प्रवक्ता और 3 कार्यालय प्रभारियों की नियुक्ति

**दुर्ग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने 6 जिला प्रवक्ताओं एवं 3 कार्यालय प्रभारियों की नियुक्ति की है। टनेन्द्र ठाकरे, द्वारिका साहू, निमेश टिकरिहा, रजत नायक, त्रिभुवन यदु एवं रामशंकर शुक्ला को जिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। कार्यालय संचालन को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए मोहित वालंदे, अभिषेक जांगड़े एवं जय साहू को कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### दुर्ग शहर में उत्तर ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** शहर जिला संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष देवश्री साहू ने कार्यकारिणी घोषित कर दी है।कोषाध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष काशी रात्रे, बृजकिशोर शर्मा, खुशी निर्मलकर, अजीत खुटेल, अजय जैन, यशवंत साहू, महामंत्री विनोद निषाद, अनीश मथाई, अश्वनी साहू, चंद्रशेखर वर्मा, नवीन श्रीवास्तव, निकिता सिंह, अशोक साहू, संजय जिंदल, सचिव मुकेश तिवारी, लता साहू, चंदन देवांगन, अमिताभ नायक, विनय चंद्राकर, नंदू नेताम, अनीता राजपूत सहित अन्य शामिल हैं।

## ट्रस्ट के अध्यक्ष को भेजा ज्ञापन, अवैधानिक है संचित राशि का हस्तांतरण

# सीटू ने एसईएसबीएफ ट्रस्ट को भंग किए जाने के निर्णय के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कोलकाता में एसईएसबीएफ की हुई बैठक में एसईएसबीएफ ट्रस्ट द्वारा बहुमत से ट्रस्ट को भंग किए जाने और संचित राशि को एनपीएस में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में सीटू भिलाई ने बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष के नाम पर भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग को ज्ञापन देकर संचित राशि वापस दिलाने की मांग की गई। ऐसा नहीं किए जाने पर विरोध तेज करने की चेतावनी दी गई।

सीटू नेताओं ने कह कि कोलकाता में 2 फरवरी को एस ई एस बी एफ की हुई बैठक मे बहुमत से ट्रस्ट को भंग कर लगभग 2400 करोड़ रुपए की संचित निधि को एनपीएस यानी बाजार जोखिम में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। एसईएसबीएफ ट्रस्ट 15.9.1994 को सेल के कर्मचारियों के हितार्थ कंपनी तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सेफी तथा सभी इकाइयों के मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत नामित न्यासियों के बीच संपादित ट्रस्ट डीड के माध्यम से गठित किया गया। यह कोष सदस्यों के मासिक वेतन से 2% अंशदान द्वारा तथा कुछ अवसरों पर कंपनी द्वारा पीएलबीएस के नाम पर योगदान से बनाया गया था। इस कोष का संचालन ट्रस्ट डीड एवं विधिवत निर्मित और लागू ट्रस्ट नियमों के प्रावधानों के अनुसार न्यासी मंडल द्वारा किया जाता रहा है।यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रस्ट डीड की धारा 18 (ट्रस्ट की समाप्ति) के उपधारा (बी) में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यदि सभी न्यासी सर्वसम्मति से निर्णय लें, तभी ट्रस्ट को भंग किया जा सकता है। न्यासियों की 86 वीं बैठक की प्रकाशित कार्यवाही में बहुमत से ट्रस्ट को समाप्त करने तथा लगभग 2400 करोड़ रुपये के संचित कोष एवं चल-अचल संपत्तियों को एनपीएस में हस्तांतरित करने का निर्णय किया गया है।

**बोरिया गेट के सामने यूनियन ने दिखाई एकजुटता, की नारेबाजी**



### अपरिवर्तनीय है ट्रस्ट, एक बोर्ड बैठक में नहीं हो सकता भंग

सीटू महासचिव जोगारा ने कहा कि यह ट्रस्ट के मूल उद्देश्य के विपरीत और अधिकार क्षेत्र से बाहर है।ट्रस्ट डीड के अनुसार यह एक अपरिवर्तनीय ट्रस्ट है। इसे केवल एक बोर्ड बैठक के माध्यम से भंग नहीं किया जा सकता। बैठक की कार्यवाही धारा 18 (ट्रस्ट की समाप्ति) का स्पष्ट उल्लंघन है। ट्रस्ट की समाप्ति पर न्यासियों द्वारा धारित संपत्तियों को प्रत्येक सदस्य के योगदान एवं उस पर अर्जित ब्याज के अनुसार व्यक्तिगत सदस्यों को हस्तांतरित किया जाएगा। अन्य सभी धनराशि एवं निवेशों को न्यासियों द्वारा साकार कर अथवा अन्य प्रकार से निधि के लाभार्थियों के हित में उपयोग किया जाएगा।

### हजारों कर्मचारियों को होगा नुकसान

ट्रस्ट के विघटन का निर्णय सर्वसम्मति से होना चाहिए था जबकि सीटू से उपस्थित न्यासी ने प्रस्ताव से असहमति व्यक्त की थी तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के दो प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हो सके थे। इनमें से एक प्रबंध न्यासी सदस्य भी थे। अतः उनकी सहमति भी प्राप्त नहीं हुई। कर्मचारियों की सहमति के बिना संचित राशि के हस्तांतरण का निर्णय ट्रस्ट के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है । सीटू ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध और वित्तीय रूप से हानिकारक है।कर्मचारियों के अधिकार एवं हितों की रक्षा के लिए इस विषय पर कर्मचारियों को उनके संचित राशि वापस करने अथवा एनपीएस में स्थानांतरित किए जाने का विकल्प दिए जाने के लिए समुचित विचार एवं कार्यवाही करें।

## संस्कृति, स्वावलंबन और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है स्वदेशी मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले के कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय थे।

- जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में 13 मार्च से आयोजित है स्वदेशी

भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल व्यापार का मंच नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, स्वावलंबन और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन से स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों को नई ऊर्जा और अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम संयोजक अजय भसीन ने बताया कि स्वदेशी मेले के माध्यम से देशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री एवं पारंपरिक वस्तुओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। ज्ञात हो कि स्वदेशी मेला 13 से 19 मार्च को जयंती स्टेडियम के पास सिविक सेंटर में आयोजित है। मेले में 22 राज्यों के स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, जैविक उत्पाद, पारंपरिक खान-पान और स्थानीय उद्यमियों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने लोगों से स्वदेशी मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। भूमिपूजन के दौरान मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष दिनकर बासोतिया, सहसंयोजक भोजराज सिन्हा, सरोजनी पाणिग्रही, दिव्या भसीन मक्कड़, अजय तिवारी, सुब्रत चाकी, दिनेश पाटिल, आर जगत सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# टाउनशिप में अनधिकृत निर्माण पर बीएसपी सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और नियमों के उल्लंघन के मामलों के मामलों पर कि टाउनशिप क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिरिक्त विस्तार नियमितीकरण योग्य नहीं है। प्रबंधन ने आबंटियों को चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी कर किए गए निर्माण पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टाउनशिप में लीज/लाइसेंस/आबंटन के आधार पर प्रदत्त दुकान, आवास अथवा अन्य परिसरों के सभी आबंटियों को सूचित किया गया है कि टाउनशिप क्षेत्र एवं इसकी संपत्तियाँ "लोक परिसर अधिनियम के तहत अधिसूचित लोक परिसर की श्रेणी में आता हैं। इन परिसरों का आबंटन, प्रबंधन एवं संचालन बी.एस.पी. द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाता है। इन शर्तों के तहत आबंटियों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त अथवा अनाधिकृत निर्माण करने की अनुमति नहीं है। प्रबंधन की पूर्व स्वीकृति के बिना किया गया कोई भी निर्माण नियमाविरुद्ध एवं अवैध माना जाएगा।

- नियमितीकरण संभव नहीं, आवंटियों को नियमों के पालन की चेतावनी

आवंटी किसी भी प्रकार का अनाधिकृत निर्माण न करें तथा आबंटन की सभी शर्तों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। अनधिकृत भवन अथवा नियमाविरुद्ध निर्माण का किसी भी परिस्थिति में नियमितीकरण संभव नहीं है। यदि कोई आबंटी नियमितीकरण संबंधी कोई प्रक्रिया प्रारंभ करता है, तो वह पूर्णतः उसके स्वयं के जोखिम एवं व्यय पर होगी। निगम अथवा अन्य किसी प्राधिकरण के साथ की गई ऐसी कोई भी नियमितीकरण कार्यवाही बीएसपी पर बाध्यकारी नहीं होगी।

उल्लेखनीय हैं कि समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना एवं नगर निगम, भिलाई द्वारा दिनांक 25.02.2026 को जारी तथा 26.02.2026 के समाचार पत्रों में प्रकाशित नोटिस के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि बी.एस.पी. द्वारा लीज पर प्रदत्त आवासीय, व्यावसायिक एवं अन्य परिसरों में लीजधारकों/आबंटियों द्वारा किए गए अनाधिकृत विस्तार एवं निर्माण के मामलों को नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर निगम, भिलाई द्वारा नियमितीकरण किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा जारी किसी भी प्रकार की नियमितीकरण संबंधी प्रक्रिया या नोटिस बीएसपी पर बाध्यकारी नहीं है ।

# कैंटीन व्यवस्था में हो सुधार, लगे डस्ट मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के ओएचपी विभाग में स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक की नई कार्यकारिणी की मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गिस के साथ बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई। सीजीएम ने आश्वस्त किया है। यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू ने ओ एच पी विभाग के पदाधिकारियों की सूची सौंपते हुए सौंपते हुए कहा कि कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करेगी। बैठक मे केंटीन व्यवस्था में त्वरित सुधार,ओएचपी-बी में नई केंटीन प्रारंभ करने,कर्मचारियों को नॉन-



फाइनेंशियल अवार्ड प्रदान करना सभी ऑपरेटर रूम में एक एसी,धूल साफ करने आधुनिक मशीन लगाने,विभागीय सड़कों का संधारण करना। ओ एच पी -बी में सीआईएसएफ की पोस्टिंग कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने शौचालयों की नियमित सफाई करना व पुराने स्ट्रक्चर एवं गैलरी को मजबूती करने व ठेका श्रमिकों को निर्धारित पूर्ण वेतन दिलवाने एवं कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण कराने की मांग की गई। सीजीएम ने समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन की ओर से जीएम एनजी हालदार, एके मंडल, अजीत कुजूर, आनद त्रिपाठी, जोत कुमार एवं लेबर ऑफिसर राकेश साहू और यूनियन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, महासचिव संजय साहू सहित शिव शंकर सिंह, सच्चिदानंद पांडे, सुरेश कुमार, जोन प्रभारी ताम्रध्वज सिन्हा,संजय गलपांडे, कार्यालय सचिव श्री जय किशोर ब्रह्ममे, मधु देशमुख व दुर्गेश गोंड आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने दी दसवीं गणित की परीक्षा, कोई नकलची नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल दसवीं के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को गणित विषय की परीक्षा दी। जिले के 135 परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षा का निरीक्षण करने जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित टीम पहुंची। उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। हालांकि कोई नकल प्रकरण नहीं मिला है।

उड़न दस्ता दल प्रभारी अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्र क्रमांक 141002 आदर्श कन्या, दुर्ग 141001 जे.आर. डी. दुर्ग, 142002दारू र रू. प्र. वि. दुर्ग, 142057 स.शि.म. कसारीडीह, 141076 सेजस बोरसी, 141053 शा.उ.मा.वि. धनोरा, 141014 पुरई, 141020 सेजस उतई. 141015 मरोदा, 141004 दीपक नगर,



हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 परीक्षा केन्द्र नेशनल स्कूल दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण

142018 मालवीय नगर का निरीक्षण किया। सीमा नायक सहायक संचालक की टीम ने केंद्र क्रमांक 141066 बेलोदी, 141201 सेजस नगपुरा, 141094 सेजस हिरी, 141097 लिटिया, 141102 पौधा, 141159 चोला, 141104 घोटवानी में दबिश दी। विनोद कुमार शुक्ला ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग की टीम ने 141054 सेजस तिरंगा, 141026 सेजस निकुम, 141031 थनौद का निरीक्षण किया। डी.के. देवांगन पाटन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की टीम ने 141124 सेजस सेलूद, 141123 कन्या सेलूद्र, 141203 सेजस पाटन 141132 सेजस कन्या पाटन का निरीक्षण किया। अथर्व शर्मा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धमधा की टीम ने केंद्र क्रमांक 141090 मेडेसरा और 141100 बरहापुर का निरीक्षण किया।

# विकास की सौगात दी और सांसद बघेल ने खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

बाजार चौक स्थित मानस भवन में कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत होने वाले 472.80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने की। भूमिपूजन में दुर्ग जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र कौशिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चन्द्राकर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नगर के पुरोहित ने किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा पार्टी की वर्तमान सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक वार्डों में विकास कार्य किये जायेंगे। केंद्र व राज्य सरकार के बजट में समावेशी



### कुम्हारी में 4 करोड़ 80 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

विकास पर जोर दिया गया है जिसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। उन्होंने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि जब विकास की बात आती है तो वे अनुपस्थित रहते हैं ऐसा नही होना चाहिए। जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि नगर में 4 करोड़ 72 लाख की लागत से मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य किये जायेंगे भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्तियों के विकास के लिए हर समय प्रयासरत है। पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि नगर के हर एक व्यक्ति और हर वार्डों में इस सुशासन सरकार की योजना को पहुंचाया जाएगा। अंत मे सांसद एवं पालिकाध्यक्ष ने सभी के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, इंजीनियर अतुल सिंह, पार्षद अश्वनी देशलहरे, लोकेश साहू, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, ओंकार प्रसाद मारकंडे, आर प्रवीण राव, रामकुमार सोनी, उमेश्वरी साहू, हेमलता धीवर, ममता साहू, लता साहू, ऋतिका यादव, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, राजू निषाद, मिथलेश यादव, अशोक दीवान, तेखन सिन्हा, मुकेश दल्लीवार, रामकुमार सोनी, गोल्डी गोस्वामी, दीपक चतुर्वेदी, फिंगेश्वर साहू, पी.एन दुबे, रामाधार शर्मा, अवधेश शुक्ला, अनुज शुक्ला, राजकुमार सिंह, नारायण सोनकर, सुजीत यादव, सुमीत द्विवेदी, रीता पाण्डेय, सुनीता कुर्रे, रागिनी निषाद, योगिता वर्मा एवं कैलाश यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी पालिका कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम कल

**दुर्ग।** भगवा पार्टी आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी हीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार, शिक्षा, व्यापार समाज सेवा में अपनी सेवाएं दे रही मातृ शक्ति का सम्मान किया जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं सनातन धर्म के प्रणेता विष्णु पाठक एवं अध्यक्षता भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रमेश शर्मा होंगे। पार्टी संगठन ने इस आयोजन को मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया है। सतरूपा शीतला मंदिर के पास स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग परिसर सिविल लाइन, जेल रोड में आयोजित है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगा। यह उन मातृ शक्तियों का सम्मान है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य करते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं।

# यूपीएससी कोचिंग का हॉटस्पॉट बनेगा भिलाई, कराई जाएगी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में भिलाई की पहचान अब टेक्निकल एजुकेशन के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी के बड़े केंद्र के तौर पर भी बनेगी। भिलाई की रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी इसी साल से अपने कैंपस में रूंगटा आईएएस अकादमी की शुरुआत करने जा रही है। इसी सत्र से यहां अभ्यर्थियों को यूपीएससी की तैयारी कराई जाएगी। खास बात यह है कि दिल्ली की वजीराम रवि, राऊस अकादमी, फिजिक्स वाला आईएएस, श्रीराम आईएएस और दृष्टि आईएएस की नामचीन फैकल्टी रूंगटा अकादमी में पढ़ाएंगी। कक्षाएं पूरी तरह से ऑफलाइन फिजिकल होंगी, जिसमें सभी फैकल्टी हर समय अभ्यर्थियों के साथ मौजूद रहेंगी। अब तक प्रदेश के ज्यादातर छात्र-छात्राएं यूपीएससी की अच्छी तैयारी के लिए दिल्ली या दूसरे बड़े शहरों का रुख



करते रहे हैं। वहां रहना, पढ़ाई करना और कोचिंग लेना कई छात्रों के लिए महंगा और मुश्किल भी होता है। ऐसे में रुंगटा आईएएस अकादमी की यह पहल प्रदेश के छात्रों को घर में रहकर अफसर बनने का मौका देगी। यूपीएससी की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए रूंगटा आईएएस अकादमी में पढ़ाई को आसान और व्यवस्थित बनाने के लिए कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें एनसीईआरटी और स्टैंडर्ड रेफरेंस बुक्स पर आधारित स्टडी मटेरियल, सब्जेक्ट-वाइज नोट्स और करंट अफेयर्स कंपाइलेशन दिया जाएगा।

## पेज 11 के शेष...

### 4-5 साल बाद...

अलावा पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी गुणवत्ताहीन और अधूरा बताया जा रहा है। कई स्थानों पर नई पाइपलाइन को पुराने नल-जल योजना के पाइप से जोड़ दिया गया है, जिससे योजना की गुणवत्ता और उपयोगिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उस समय प्रदेशभर में जल जीवन मिशन के कार्यों में गड़बड़ियों और घोटालों की खबरें मीडिया में लगातार सामने आ रही थीं, जिसकी चपेट में ग्राम जेवरा की यह योजना भी आ गई। ग्राम के सक्रिय भाजपा नेता प्रबल सिंह ने बताया कि गांव में हर साल जल संकट बना रहता है, जो गर्मी के मौसम में और भी विकराल हो जाता है। ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यदि जल जीवन मिशन का कार्य समय पर और सही तरीके से पूरा हो जाता, तो आज गांव में पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सकता था।

### प्लान बनाकर...

पुलिस ने आरोपियों तेजप्रकाश उर्फ राज महिलांगे (25 वर्ष), खुमेन्द्र उर्फ कृष्णा महिलांगे (21 वर्ष), डाजील महिलांगे (18 वर्ष) और जगदीश उर्फ जग्गी महिलांगे (20 वर्ष) निवासी मनोधरपुर, चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को 6 मार्च 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक शत्रुघ्न बंजारे, आरक्षक चेतन वैष्णव, बालमुकुंद सिंह, आसिफ खान, संजूनाथ योगी सहित चौकी मारो के समस्त पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।

### जिला कांग्रेस कमेटी...

के दिन हम अपने मित्रों के साथ-साथ अपने विरोधियों को भी गले लगाकर पुराने मतभेद भुलाते हैं और प्रेम का रंग लगाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली का विशेष महत्व है और यह त्योहार हमें एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की सीख देता है। उन्होंने सभी नागरिकों को होली की बधाई देते हुए कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। कार्यक्रम के दौरान होली के गीतों और पारंपरिक माहौल के बीच लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, समर्थक तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 36 डिग्री तक...

भी बढ़ने लगी है। कई स्थानों पर बोरपंपों का जलस्तर नीचे जाने लगा है और कुछ बोरपंप बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि भूजल स्तर धीरे-धीरे नीचे खिसक रहा है, जिसके कारण आने वाले दिनों में जल संकट और गहरा सकता है। इसके अलावा शहर के कई वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से पानी की समस्या सामने आने लगी है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।

**ठंडे पेय और आइसक्रीम की बढ़ी मांग–** इधर तापमान बढ़ते ही बाजार में ठंडे पेय पदार्थों और आइसक्रीम की मांग में भी तेजी आ गई है। शहर के चौक-चौराहों पर लगे गन्ने के रस के ठेलों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावा लस्सी, नींबू पानी और शीतल पेय की बिक्री भी बढ़ गई है। हालांकि महंगाई का असर इन उत्पादों पर भी दिखाई दे रहा है। कई कंपनियों ने आइसक्रीम के दाम 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं, वहीं गन्ने का रस, लस्सी और नींबू पानी के दामों में भी 5 से 10 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। कुल मिलाकर मार्च में ही बढ़ती गर्मी ने लोगों को आने वाले गर्म मौसम की आहट दे दी है। यदि तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो आने वाले दिनों में जनजीवन पर इसका और व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

### प्रणीश चौबे बने...

प्रणीश चौबे ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व, जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा तथा वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उनकी नियुक्ति पर जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जताते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और कांग्रेस की गतिविधियां जिले में और अधिक सक्रिय होंगी।

## सौगात: पाण्डातराई से फास्टरपुर तक निर्माण के लिए 33 करोड़ रुपए की मिली सौगात

# विधायक भावना के प्रयास से सड़क निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा


भाजपा की डबल इंजन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में हर गांव और नगर में विकास की तेज रफ्तार से क्षेत्रवासी



लाभांवित हो रहे है। जिस पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से पंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के बहुप्रतिक्षित मांग होली पर्व के शुभ अवसर पर पूरी हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत पाण्डातराई से फास्टरपुर मार्ग कुल लम्बाई 29 किलो मीटर सड़क निर्माण हेतु 33 करोड़ रुपए प्रशासकीय स्वीकृति मिली।

उक्त सड़क निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का भाजपा मण्डल कुण्डा एवं क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया। जिसमें ओम यदु, सुरेश दुबे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, विकास पाण्डेय, राजेश्वरी धृतलहरे महेंद्र धृतलहरे, कृष्णा चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, अमन खनूजा, हरेंद्र कश्यप, सूरज यादव, गणेश यादव, रमन खनूजा, गणेश सोलंकी, साहेब लाल सोनवानी, शशांक शर्मा सहित भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी मोर्चा किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

### क्षेत्रवासियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा



बताया जाता है कि इस बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण से पाण्डातराई, डोंगरिया कला, मोहगांव, प्रतापपुर, जंगलपुर, पेंड्रीकला, रापा, कुण्डा, केसली, माराडबरी, लालपुर, फास्टरपुर सहित आसपास के दर्जनों ग्रामों के रहवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण से जिले से सीधा कान्हा-केसली, जबलपुर, मण्डला मार्ग को जोड़ेगी। इस सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां को बढ़ावा मिलेगी शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय व किसानों को सुव्यवस्थित सड़क सुविधा और शहरों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर क्षेत्र की प्रगति होगी।

# क्षेत्र के गली-मोहल्ले की स्थिति बदहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के आश्रित ग्राम बसनी में गली-मोहल्लों की हालत बेहद खराब हो गई है। यहां का सीसी रोड पूरी तरह से चिकनाहट में तब्दील हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी लगातार बहते रहने के कारण सड़क पर फिसलन हो गई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे इस रास्ते से गुजरते समय डर महसूस करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच को पदभार संभाले लगभग एक वर्ष हो चुका है, लेकिन अब तक ऐसी छोटी-छोटी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। जबकि शासन द्वारा पंचायतों को 16वें वित्त आयोग के तहत मूलभूत सुविधाओं के लिए फंड भी दिया जाता है, ताकि गांव में सड़क, नाली और अन्य आवश्यक कार्य किए जा सकें। इसके बावजूद ग्राम बसनी के गली-मोहल्लों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क और नाली की व्यवस्था नहीं की गई, तो फिसलन के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क और नाली की व्यवस्था कराई जाए, ताकि गांव के लोगों और राहगीरों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# मरपा में तीन दिवसीय सतनाम मेले में गुंजा बाबा गुरु घासीदास के सतनाम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मरपा में सतनाम समाज द्वारा तीन दिवसीय सतनाम मेला का धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें बाबा गुरु घासीदास की बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया, मानव मानव एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 5 से 7 मार्च तक आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक सतनाम मेले में युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के चरणों में वंदन कर पूजा-अर्चना किया। तत्पश्चात सभा कों संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक एकता, भाईचारा और गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, सभी उनके बताए रास्ते पर चले। उन्होने उपस्थित जनसमुदाय का आत्मीय स्वागत और स्नेहपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में सतनाम समाज के अनुयायी तथा आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें साथ ही महंत छड़ीदार-भंडारी राजू मिरज, शिवा बंजारे, गिरधर लहरे, कपिल सहित समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की नई कार्यकारिणी की सूची जारी होने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने बैठक आयोजित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए बधाई दी। यह कार्यकारिणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन तथा प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गैंदू की अनुशंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल द्वारा जारी की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि ब्लॉक संगठन के सभी पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा के अनुरूप आम जनता तक पहुंचकर जनहित के मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाली समावेशी टीम के रूप में तैयार की गई है। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद 5 मार्च को ही ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा बैठक लेकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। बैठक में क्षेत्रीय एवं जनहित के मुद्दों को लेकर 14 मार्च को दोपहर 1 बजे पंडरिया के गांधी चौक में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। जारी सूची के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया में जुगल किशोर पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर संतोष चन्द्रवंशी, बाबूलाल साहू, साधु कोठारी, नंदकुमार चन्द्रवंशी, खोवाराम भास्कर और पंचराम पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री के रूप में लक्ष्मीनारायण साहू, राजकुमार अनंत, संजू तिवारी, शैलेन्द्र गुप्ता, परस पडवार, राकेश चन्द्राकर, शिव गायकवाड़ और शिवकुमार मरावी को शामिल किया गया वहीं सचिव पद पर सलीम खान, कामता ध्रुव, सूर्या ठाकुर, रवि चन्द्राकर, तिरिथ साकत, गौतम जायसवाल, रामकुमार साहू, रोहित चन्द्राकर, भरत यादव और विनेन्द्र कुमार अनंत को जिम्मेदारी सौंपी गई है साथ ही कार्यकारिणी सदस्य ममता शर्मा, विद्या साहू, अंजू वर्मा, संध्या ध्रुव, धानवाई निर्मलकर और सरिता यादव को शामिल किया गया है।

## युवा मोर्चा मंत्री नीलेश गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया से की मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** भाजयुमो मण्डल कुण्डा नीलेश गुप्ता ने सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया से सौजन्य भेंट-मुलाकात की। विगत दिनों 2 मार्च को युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कवर्धा जिला प्रवास पर रहे, जहां जिले के युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का ऐतिहासिक स्वागत किया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया प्रदेश के सुप्रसिद्ध मंदिर एवं छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर दर्शन एवं पूजा अर्चना करने व युवा मोर्चा द्वारा आयोजित होली-मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने भोरमदेव पहुंचे थे। वही मण्डल मंत्री युवा मोर्चा मण्डल कुण्डा नीलेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, साथ ही साथ नीलेश गुप्ता ने सौजन्य भेंट-मुलाकात कर कुण्डा मण्डल के राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा कर क्षेत्र के राजनीतिक विषयों पर जानकारी दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### देवरी स्कूल में होली पर्व कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में रंगों का महापर्व होली उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को जमकर रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ सभी छात्र छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं से आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं रंगों का पर्व होली में बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पर होता है, इसका उनको वर्षभर से इंतजार रहता है यह हमारा धार्मिक सामाजिक पर्व है, इसमें लोग आपसी मनमुटाव को भूलकर भाईचारे का संदेश देते हैं। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठिका श्रीमती हेमलता शर्मा, शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय में रासेयो की बी-सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित

- युवाओं को नशा से दूर रहने का आह्वान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा




शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में रासेयो की बी-सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की गई। शिक्षा द्वारा समाज सेवा एवं समाज सेवा द्वारा शिक्षा ही राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य है। स्वयंसेवक दो वर्षो तक एनएसएस में रहकर गतिविधियों में हिस्सा लेता है एवं समाजसेवा द्वारा स्वयंसेवक अपने व्यक्तित्व का विकास करता है, यही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है। उपरोक्त विचार बेमेतरा एवं कबीरधाम जिला की रासेयो जिला संगठक एवं सहसपुर लोहारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ केएस परिहार के थे, शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में राष्ट्रीय सेवा योजना की बी-सर्टिफिकेट परीक्षा के पूर्व रासेयो के राजनांदगांव के पूर्व जिला संगठक डॉ सुरेश पटेल ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए शपथ दिलाई एवं भारत को विकसित एवं परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने हेतु प्रेरित किया।

बी-सर्टिफिकेट परीक्षा के बाह्य परीक्षक के रूप में उपस्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के व्याख्याता एएलटी-स्काउट मास्टर हेमधर साहू ने बताया कि महाविद्यालय के अध्ययनरत स्वयंसेवक दो वर्षो में 240 घण्टे अथवा ए- प्रमाण पत्र धारी महाविद्यालयीन स्वयंसेवक 120 घण्टे अनिवार्य गतिविधियां व सेवाकार्य करता है, तब ही वह बी-सर्टिफिकेट की परीक्षा का पात्र होता है, जिनकी लिखित एवं मौखिक परीक्षा उपरांत सफल स्वयंसेवकों को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेंगे। रासेयो में हॉयर सेकेण्डरी स्कूल स्तर में ए (A) तथा महाविद्यालय स्तर में बी व सी प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाते हैं। सहसपुर लोहारा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक संदीप सोनकर ने गुटखा खाओ, गाल गलाओ के नारें से युवाओं को नशा से दूर रहने का आह्वान किया।

# बैंक का लगा रहे चक्कर 3 महीने से नहीं मिला वृद्धावस्था पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुआंमालगी निवासी ग्रामीण हितग्राही गोपाल दास पिता भीखा दास को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण गरीब हितग्राही गोपाल दास पिछले तीन माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने के कारण काफी परेशान हैं और लगातार बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं।



हितग्राही गोपाल दास ने बताया कि वे एक गरीब मजदूर हैं और उनका जीवन-यापन मुख्य रूप से मिलने वाली वृद्धा पेंशन पर ही निर्भर है। लेकिन पिछले तीन महीनों से पेंशन की राशि उनके खाते में नहीं आई है। इस संबंध में वे कई बार बैंक जा चुके हैं और केवाईसी भी पूरा करा चुके हैं, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि होली जैसे बड़े त्यौहार के समय भी उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें इधर-उधर से पैसे उधार मांगने पड़े, लेकिन कई लोगों ने मदद करने से भी मना कर दिया। हितग्राही गोपाल दास का कहना है कि वृद्धा पेंशन की राशि से ही उनके घर का चूल्हा जलता है और दैनिक खर्च चलता है। उन्होने बताया कि उन्हें भूमिहीन मजदूरों के लिए मिलने वाली राशि का लाभ भी नहीं मिल पाया है। ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति और भी कमजोर हो गई है।

हितग्राही गोपाल दास ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि उनके मामले की जांच कर जल्द से जल्द तीन माह से लंबित वृद्धा पेंशन की राशि उनके खाते में डाली जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। वहीं ग्रामीणों का भी कहना है कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए।

## अशोका पब्लिक स्कूल की खेल शिक्षिका मीरा साहू भारतीय टीम में शामिल



**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम जिले के लिए गर्व की बात है कि अशोका पब्लिक स्कूल की खेल शिक्षिका मीरा साहू का चयन थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय इंडिया–थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज के लिए हुआ है। 10 से 16 मार्च तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में मीरा साहू भारतीय टीम का हिस्सा बनकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके चयन से विद्यालय परिवार के साथ-साथ जिले में भी खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता भारतीय बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है, जिसमें भारत और थाईलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से मीरा साहू का चयन होना जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। दिल्ली के विकासपुरी मैदान में 8 नवंबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय चयन ट्रायल के आधार पर मीरा साहू को टीम में स्थान मिला। इस ट्रायल में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 173 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मीरा ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। वे 9 मार्च को थाईलैंड के लिए रवाना होंगी।

## शिक्षकों ने साझा किया उत्साह और सद्भाव का संदेश

# मुनमुना संकुल में होली मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत मुनमुना संकुल में शनिवार को होली-मिलन समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक रघुनंदन गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार होली में विभिन्न रंगों का समावेश होता है, उसी प्रकार एक शिक्षक का दायित्व है कि वह विद्यार्थियों के कोमल मन और मस्तिष्क में ज्ञान और संस्कार के ऐसे रंग भरे जो जीवनभर उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक हों। उन्होंने कहा कि शिक्षक का अध्यापन ही वह रंग है जो बच्चों के जीवन को संवारता है और समाज को नई दिशा देता है। वहीं खंड स्रोत समन्वयक राम मुरारी यादव ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि भारत जैसी महान भूमि में जन्म लिया है, जहां विभिन्न जाति, समाज और पूजा-पद्धतियों के बावजूद सभी लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं। यही हमारी संस्कृति और संस्कार हमें एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित करने की बात कही जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू, खंड स्रोत समन्वयक राम मुरारी यादव, संकुल प्राचार्या हेमलता टंडन तथा संकुल समन्वयक रघुनंदन गुप्ता उपस्थित थें साथ ही साथ संकुल के समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित शिक्षकों में गणेश राम ध्रुव, धर्मराज वर्मा, चैतराम धुर्वे, लखनलाल चंद्रवंशी, श्यामा मेश्राम, सिद्धराम मंडावी, रामभरोस पटेल, अतुल तिवारी, खडानंद कश्यप, प्रणिता बर्मन, राजेंद्र प्रजापति, नरेश कुमार चेचाम सहित अन्य शिक्षक व संस्था के कर्मचारी उपस्थित थें।



**खबर संक्षेप**

## नितेश टी20 का फाइनल मैच करेंगे कवरेज



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के क्रिकेट कमेंटेटर एवं खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा आज 8 मार्च रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को कवर करेंगे। यह मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 6 बजे से आरंभ होगा। इस मैच को कवर करने के लिए नितेश कल शनिवार की शाम की फ्लाइट से रायपुर से अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं। ज्ञात हो कि नितेश छत्तीसगढ़ के कुछ गिने चुने खेल समीक्षकों में हैं, जिन्हें आईसीसी से कवरेज के लिए आधिकारिक स्वीकृति मिली है। इसके पूर्व वे 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच अधिकृत रूप से कवर कर चुके हैं। कवरेज के दौरान उन्होंने देश विदेश के अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात की है। इसके अलावा 2024 में रायपुर में खेले गए छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, राजनांदगांव में रानी सूर्यमुखी देवी क्रिकेट स्पर्धा सहित कवर्धा प्रीमियर लीग व भोरमदेव प्रीमियर लीग में कमेंट्री कर चुके हैं। इन स्पर्धाओं में उनकी कमेंट्री को पर्याप्त सराहना मिली है।

## हथलेवा पहुंची भावना सेवा संस्थान की मोबाइल हेल्थ पैथ लैब

**कवर्धा।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के हथलेवा ग्राम में हाल ही में एक स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें भावन सेवा संस्थान द्वारा संचालित निः शुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब ने 100 से अधिक ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस लैब के माध्यम से न केवल पंडरिया विधानसभा क्षेत्र, बल्कि जिले के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ पहुंच रहा है। इस हेल्थ लैब में 20 से अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध हैं, जिससे ग्रामवासियों को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने में सुविधा मिल रही है। भावना दीदी की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिल रहा है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। ग्रामीण नागरिकों ने इस कैम्प की सराहना की और इसे आगे भी निरंतर जारी रखने की उम्मीद जताई।

## मंदिर परिसर झिरना में युकां ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कवर्धा।** भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा ग्राम झिरना के धार्मिक मेला स्थल में व्हाइट शर्ट मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के अगुवाई में किया। गौरतलब है कि ग्राम झिरना का यह धार्मिक स्थल क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मेला आयोजित किया गया। मेले में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे,मेले के पश्चात परिसर में जगह-जगह कचरा और गंदगी फैल गई थी,जिसे देखते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वयं पहल करते हुए स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया।

# जिले की ग्राम पंचायतों में मनाया गया आवास व रोजगार दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**

जिले में प्रत्येक माह की तरह इस माह भी 7 तारीख को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और पंचायत स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हितग्राहियों को आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आवास दिवस के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसमें हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया, आवास की स्वीकृति, किस्तों के अंतरण तथा निर्माण कार्य की प्रगति से जुड़ी जानकारी विस्तार से साझा की गई। इसके साथ ही जिन हितग्राहियों के आवास अभी तक अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित और समझाइश दी गई। वहीं जिन हितग्राहियों द्वारा अब तक आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा



**मनरेगा से जुड़े कार्यों और भुगतान पर चर्चा**

कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। उपस्थित श्रमिकों और हितग्राहियों की मजदूरी भुगतान से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया तथा उन्हें योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही वीबी जीरामजी से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई और ग्रामीणों को योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### कृषकों को गुलाल लगा व गमछा पहनाकर किया सम्मानित

# सेवा सहकारी समिति में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**




सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेमेतरा क्रमांक 118 में होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर समिति क्षेत्र के कृषक सदस्यों को गुलाल लगाकर एवं गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किसानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर तथा मुंह मीठा कराते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।

धान विक्रय करने वाले कृषकों ने शासन की कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान सहायता राशि मिलने पर खुशी जाहिर की और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान किसानों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम का आयोजन सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष दोहाई वर्मा तथा समिति प्रबंधक विनोद राजपूत के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी कार्यालय में किया गया। इस दौरान अन्नदाता किसानों के साथ होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया।

**ये रहे उपस्थित:** समारोह में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष मोंटी साहू, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीलू ठाकुर, नगर पालिका परिषद सभापति विकास तम्बोली, पूर्व पार्षद वार्ड 9 साधेलाल बघेल, देवराम साहू, दयाराम साहू, शेखर वर्मा, भानू साहू, फेरू वर्मा, दीनाराम साहू, यादव राम साहू, लच्छन वर्मा, राजेन्द्र साहू, राजीव तम्बोली, बलराम देवांगन, नंदलाल वर्मा सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध किसान, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी उपस्थित रहे।

### मुर्रा में होली पर्व पर गुंजा फाग गीत

बेमेतरा। बेमेतरा जिले के ग्राम मुर्रा में रंगों का पर्व होली उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सरपंच दिनेश वर्मा सहित समस्त ग्रामीणों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और फागुन के रंगों का आनंद उठाया।होली पर सुबह से ही गांव की गलियों और चौपालों में उत्सव का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। फाल्गुन की मस्ती में डूबे युवा और बुजुर्गों की टोली ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकती नजर आई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और ढोलक की मधुर धुन ने गांव के माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया।ग्राम सरपंच दिनेश वर्मा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर होली खेली और सभी को सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का यह त्यौहार आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव के साथ रहने का संदेश देता है।



# शिव मंदिर के मानस सम्मेलन में भक्ति रस की हुई वर्षा





**हरिभूमि न्यूज ▸▸ थानखम्हरिया**

नगर के शिव मंदिर परिसर में मानस संघ साजा के तत्वाधान में एक दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई छह मानस मंडलियों ने भाग लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कथा का संगीतमय प्रस्तुतिकरण किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मानस संघ के अध्यक्ष भरत साहू, संरक्षक अनिल सिंघानिया एवं हरिश्चंद साहू द्वारा राम दरबार के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया।

आयोजन समिति द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पहार एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भरत साहू ने अपने संबोधन में हिंदू संस्कृति, राष्ट्रहित और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए सभी से संगठित रहने का आह्वान किया। वहीं अनिल सिंघानिया ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे जीवन के आदर्श हैं। उनके त्याग, संयम और सेवा भाव से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पावन कथा के माध्यम से मन को सांसारिक बुराइयों से हटाकर परमात्मा पर केंद्रित करना चाहिए।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम का संचालन हरिश्चंद साहू ने किया। इस अवसर पर रामजी साहू, होरीलाल पाल, सुरेश साहू, ललिता साहू, श्रवण साहू, तोरण पटेल, श्रीमती योगिता राजपूत, ढलेश्वरी साहू, मनोज सिन्हा, गणेशु साहू, कुमार पाल, दीपिका पाल, करुणा निषाद, जानूराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**श्रीराम की कथा का कराया रसपान**

कार्यक्रम के दौरान गौ सम्मान आहवान अभियान के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसमें गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और देश में गोवध बंद करने की मांग को लेकर 27 अप्रैल को संगठित होकर ज्ञापन सौंपने की बात कही गई। मानस सम्मेलन में जय मां शीतला मानस मंडली श्यामपुर कांपा, गुरु कृपा मानस मंडली गुवारा, मां शीतला के उपकार मानस मंडली बेलतरा, श्रीराम मानस मंडली, श्री शक्ति मानस मंडली तथा स्वरागिनी मानस मंडली खाती ने संगीतमय प्रस्तुति देकर भगवान श्रीराम की कथा का रसपान कराया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा**

जिले की तरेगांव जंगल पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में तरेगांव जंगल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना तरेगांव जंगल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री गत 25 जून 2025 की रात्रि लगभग 10.00 से 11.00 बजे के मध्य घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसका आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश किया गया परंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया। प्रार्थी को संदेह था कि उसकी



नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 15/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाना उपस्थित हुई, जिस पर महिला अधिकारी द्वारा पीड़िता से पूछताछ कर कथन लिया गया। पीड़िता के कथन के आधार पर ज्ञात हुआ कि आरोपी शत्रुहन करायेत पिता नरेश करायेत उम्र 19 वर्ष निवासी सोनतरा थाना तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम द्वारा वर्ष 2024 में पहली बार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया गया तथा 25 जून 2025 को उसे बहला-फुसलाकर घर से भगाकर पुणे तथा विशाखापट्टनम ले जाकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में बालिकाओं और महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, बेमेतरा में आयोजित होगी, जिसमें जिले की बालिकाएं और महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले सकेंगी।

- बालिकाओं और महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की पहल




जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है।

इस प्रतियोगिता में कबड्डी, कराते, बैडमिंटन और एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है। इन खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। खेल प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम आयु सीमा 12 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है। जिले की सभी इच्छुक बालिकाएं और महिलाएं इसमें भाग ले सकती हैं।

**सुबह 9:30 बजे तक कराना होगा पंजीयन**

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को प्रातः 09:30 बजे तक स्वामी विवेकानंद स्टेडियम पहुंचकर अपना पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को संबंधित खेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बालिकाओं और महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और वे समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होती हैं।

### टीचर्स एसोसिएशन कवर्धा ने विभाग के प्रति जताया आभार

# एसोसिएशन के विरोध बाद शिक्षक प्रशिक्षण स्थगित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिपरिया**

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष तथा वार्षिक परीक्षा के ठीक पहले आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण का विरोध किए जाने के बाद पंडरिया ब्लॉक में आयोजित मिडिल स्कूल के शिक्षकों के पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण को अंततः स्थगित कर दिया गया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार कक्षा छठवीं के पाठ्यपुस्तकों में वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से बदलाव किया गया है। शिक्षा सत्र की शुरुवात 16 जून 2025 से हुआ है।




ऐसे में नए पाठ्यपुस्तक की समझ हेतु विषय आधारित प्रशिक्षण को वर्तमान शिक्षा सत्र के शुरुवात अर्थात जुलाई-अगस्त 2025 में कराने की आवश्यकता था। पूरा सत्र निकलने के बाद वार्षिक परीक्षा के ठीक पहले प्रशिक्षण से बच्चों को कोई लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही वार्षिक परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित होता। कोई भी विषय आधारित प्रशिक्षण यथासंभव शिक्षा सत्र के शुरुआत में ही होना चाहिए, ताकि बच्चों को उसका लाभ मिल सके। ज्ञातव्य हो कि टीचर्स एसोसिएशन ने विगत पांच मार्च को डीईओ को पत्र लिखकर शिक्षक प्रशिक्षण स्थागित करने की मांग किया गया था, जिसके बाद यह प्रशिक्षण स्थगित किया गया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी आदि ने प्रशिक्षण स्थगन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

